राजकीय कन्या महाविद्यालय रामगढ़ पचवारा का शिलान्यास

चर्चा में क्यों?

15 जनवरी, 2022 को राजस्थान के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा और जल संसाधन मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीय ने ग्राम पंचायत बडिोली में राजकीय कन्या महाविद्यालय, रामगढ़ पचवारा के भवन का शिलान्यास किया।

प्रमुख बिंदु

- शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए मालवीय ने कहा कि पचवारा क्षेत्र के निजामपुरा व सलेमपुरा में एक एनीकट तथा कोलीवाडा व राहुवास में एक बड़े एनीकट का निर्माण करवाया जाएगा।
- एनीकट के बनने से आसपास के ग्रामीणों, किसानों व पशुपालकों को आर्थिक सहयोग मिलेगा तथा कृषि उत्पादन भी अधिक होगा।
- समारोह के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आने वाले बजट में पचवारा को फाइव स्टार के नाम से जाना जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को कन्या महाविद्यालय भवन को 10 माह में तैयार करने के भी निर्देश दिये।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/foundation-stone-of-government-girls-college-ramgarh-pachwara